Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-02-2006

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

>

Title : Need to implement 'Food for Work' and 'Rural Employment Guarantee Scheme' in East Singhbhoom district in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर झारखंड के अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिला है, जिसमें पोटका, डूमूरिया, मूसाबनी, धलभूमडाढ, घाटसिला एवं चाकुलिया आदिवासी बाहुल्य प्रखंड है। इन प्रखंडों के लोगों के पास आय का कोइ साधन नहीं है जिसके कारण यहां के गरीब लोग दूसरे राज्यों जैसे पंजाब, गुजरात एवं असम में रोजगार हेतु पलायन कर रहे हैं। काम के अभाव में नवयुवक उग्रवाद की ओर अग्रसर है, जिसके कारण यहां के आदि वासी क्षेत्र उग्रवाद और नक्सलवाद से बुरी तरह से प्रभावित हो गये हैं। यहां का अधिकांश भाग पठारी है1 कुछ साल पूर्व लोगों को कॉपर की खानों एवं अन्य उद्योगों में काम मिला हुआ था परन्तु धीरे धीरे कॉपर खाने एवं यहां के उद्योग बंद हो गये हैं। इनके बंद होने से यहां के ग्रामीण लोग बेरोजगार हो गये हैं, जिसके कारण लोगों के लिए अपने परिवार का लालन पालन करने हेतु कोई उपयुक्त जीविका नहीं है। आदिवासी जनसंख्या के अनुसार इस जिला का स्थान पांचवा है एवं क्ाि उत्पादन दर भी काफी कम है ।

इन सब कारणों से मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के पूर्वी सिंहभूम जिले में काम के बदले खाद्यान्न योजना एवं 100 दिन का रोजगार गारंटी योजना को चलाया जाये, जिससे लोग अपने परिवार का भरण-पोाण कर सकें।